CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 342 ▫ रायपुर, रविवार 5 जनवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए, एक जवान शहीद

**नारायणपुर, 5 जनवरी (हाईवे चैनल)।** दक्षिणी अबूझमाड़ क्षेत्र में शनिवार शाम को हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने चार वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया है। नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। जवानों को घटनास्थल से एके 47, सेल्फ लोडिंग रायफल (एसएलआर) समेत अत्याधुनिक हथियार भी मिले हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि मुठभेड़ में बड़े कैडर के नक्सली मारे गए हैं। नक्सलियों से लड़ते हुए दंतेवाड़ा जिला डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हो गए हैं। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि दक्षिणी अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शुक्रवार को नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव व बस्तर जिले से स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) व डीआरजी बल को अभियान पर भेजा गया था।जवान नदी-नालों को पार करते जंगल के भीतर कई किमी तक पैदल चलकर पहुंचें थे। नक्सलियों ने जवानों को देखकर गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई है।



### शहीद जवान के प्रति मुख्यमंत्री ने जतायी संवेदना



नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती दक्षिण अबूझमाड़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में अब तक 4 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में डीआरजी के जवान,प्रधान आरक्षक सन्नू कारम के शहीद होने की भी दुखद खबर प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने शोक संवेदना में कहा है कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबल के जवान बहुत ही मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं और उसके खात्मे तक यह लड़ाई जारी रहेगी। ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

## पोरबंदर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा, तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर क्रैश, क्रू के तीन सदस्यों की मौत

**नई दिल्ली, 5 जनवरी (न्यूज चैनल)।** गुजरात के पोरबंदर एयपोर्ट पर कोस्टगार्ड का हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है. पोरबंदर के डीएम एसडी धनानी ने एबीपी न्यूज से बात करते हुए कहा कि इस हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है. उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म हो चुका है. हादसे के तुरंत बाद दमकल और मेडिकल की टीम मौके पर पहुंची थी।

भारतीय तटरक्षक अधिकारी ने बताया कि कोस्टगार्ड का एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान गुजरात के पोरबंदर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. जमीन से टकराते ही हेलीकॉप्टर में आग लग गई और धुएं का गुब्बार निकलने लगा. इस घटना को लेकर कोस्टगार्ड ने बताया कि हेलिकॉप्टर में दो पायलट समेत तीन जवान सवार थे और तीनों की जान चली गई.



एएलएच ध्रुव हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की ओर से निर्मित दो इंजन वाला हेलीकॉप्टर है. इसे सेना और बाढ़ जैसी आपातकालीन जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया था. यह साल 2002 से सेवा में है. यह हेलीकॉप्टर खोज और बचाव, परिवहन, एंटी सबमरीन युद्ध सहित कई तरह के मिशनों में सक्षम है. सेना, नौसेना और वायु सेना सहित भारतीय सशस्त्र बलों ने हेलीकॉप्टर ध्रुव को अलग-अलग भूमिकाओं के लिए बड़े पैमाने पर तैनात किया है. इसे नेपाल, मॉरीशस और मालदीव सहित कई देशों को निर्यात भी किया गया है. हेलीकॉप्टर का मजबूत डिजाइन, विश्वसनीयता और विपरीत मौसम में काम करने की क्षमता इसे भारत की रक्षा और आपातकालीन सेवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति बनाती है. इससे पहले 2 सितंबर 2024 को पोरबंदर तट के पास अरब सागर में इंडियन कोस्ट गार्ड का एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर गिर गया था. इस हादसे के बाद 4 में से एक क्रू मेंबर को बचा लिया गया था. वहीं 26 मार्च 2023 को केरल के कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास इंडियन कोस्टगार्ड का एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव मार्क 3 की टेस्ट के दौरान इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई थी. इस हादसे में एक ट्रेनी पायलट का हाथ टूट गया था।

## ब्रेकिंग न्यूज

### भगदड़ में मौत के मामले में अभिनेता अल्लू अर्जुन पुलिस के समक्ष पेश हुए

**नई दिल्ली, 5 जनवरी (न्यूज चैनल)।** पुष्पा 2 के प्रीमियर में भगदड़ के दौरान एक महिला की मौत के मामले में तेलुगू अभिनेता अल्लू अर्जुन रविवार को पुलिस के समक्ष पेश हुए। मामले में आरोपी नंबर 11 के रूप में सूचीबद्ध अर्जुन को तीन जनवरी को शहर की एक अदालत ने नियमित जमानत दी थी। अदालत के निर्देशों के अनुसार अभिनेता को दो महीने की अवधि के लिए या आरोपपत्र दायर होने तक हर रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे के बीच जांच अधिकारी के सामने पेश होना है। इसके अलावा अदालत ने अल्लू अर्जुन को अदालत को सूचना दिए बिना अपना आवासीय पता न बदलने का निर्देश दिया और बिना अनुमति के विदेश जाने पर भी रोक लगा दी। ये शर्तें तब तक लागू रहेंगी जब तक मामले में कोई फैसला नहीं आ जाता।



### दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में देरी

**नई दिल्ली, 5 जनवरी (न्यूज चैनल)।** दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण रविवार को 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में विलंब हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि अब तक किसी भी उड़ान को न तो रद्द किया गया है और न ही मार्ग बदला गया है। घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की वजह से पिछले तीन दिन से उड़ानों का संचालन प्रभावित हो रहा है। दिल्ली हवाई अड्डे पर अब भी दृश्यता कम है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) ने सुबह 8.45 बजे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित विमानन कंपनी से संपर्क करें। अधिकारी ने कहा कि हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में विलंब हुआ है। डीआईएएल राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) का संचालन करता है।

## बिलासपुर-मरवाही वनमंडल की सीमा में दिखी बाघिन इंसानी आबादी के करीब होने से बढ़ी वन विभाग की चिंता

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, 5 जनवरी (हाईवे चैनल)।** बिलासपुर और मरवाही वनमंडल की सीमा पर बाघिन विचरण करते हुए नजर आई है. बीती रात खोंगसरा भनवारटंक होते हुए गौरेला मार्ग में राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने बाघिन का वीडियो बनाया है. वहीं दूसरी ओर बाघिन के इंसानी आबादी के बेहद करीब होने से वन विभाग की चिंता बढ़ गई है।



बता दें कि महीने भर से बाघिन मरवाही, कोरबा और बिलासपुर वनमंडल की सीमा में विचरण कर रही है. बताया जा रहा है कि माह भर पहले मध्यप्रदेश के कान्हा किसली से निकली यह बाघिन अपना नया ठिकाना ढूंढ रही है. इस बाघिन को चिरमिरी के जंगल से रेस्क्यू कर अचानकमार टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया था. वहां से बाघिन निकलकर एक बार फिर मरवाही वनमंडल के जंगल में लगातार बनी हुई है। बताया जा रहा है कि फिलहाल बाघिन गौरेला खोंगसरा मार्ग के जंगलों और बानघाट के आसपास बनी हुई है. बाघिन के गले में लगे कॉलर आईडी से उसके मूवमेंट की जानकारी पल-पल वन विभाग हासिल कर रहा है. वन विभाग के अधिकारी इन क्षेत्रों में नियमित निगरानी कर रहे हैं, साथ इस इलाके में भ्रमण करने से बचने की सलाह भी दे रहे हैं. मरवाही वनमंडल के डीएफओ रौनक गोयल ने बताया कि कल बाघिन हमारे डिवीजन से निकल बिलासपुर डिवीजन के बेलगहना रेंज में चली गई है. केंवची बफर अचानकमार टाइगर रिजर्व की ओर जा रही है।

## किश्तवाड़ में खाई में गिरी बोलेरो, चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली, 5 जनवरी (न्यूज चैनल)।** जिला किश्तवाड़ के उपमंडल पाडर में आज एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक बोलेरो वाहन गढ़ के पास लगभग 1000 फीट नीचे गहरी खाई में गिर गया। यह हादसा गत रात्रि का बताया जा रहा है, जब वाहन भोट नाल के पास खाई में गिरा। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। आज सुबह एक महिला जब अपने काम से जा रही थी, तो उसने दरिया के किनारे वाहन का टूटा-फूटा रूप और मृतकों के शव देखे। महिला ने आसपास के लोगों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से मृतकों के शव बरामद किए गए और उन्हें पाडर अठोली अस्पताल भेजा गया। वहां उनका पोस्टमार्टम कर शव उनके परिवारजनों को सौंप दिए गए। मौके पर जिला उपायुक्त और पाडर नागसेनी विधायक सुनील कुमार शर्मा सहित डॉक्टर और अन्य प्रशासनिक स्टाफ भी पहुंचे। प्रारंभिक जांच में यह जानकारी मिली है कि वाहन में कुल कितने लोग सवार थे, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। यदि वाहन में छह लोग सवार थे, तो दो लोग अभी भी लापता हैं। पुलिस यह जांच कर रही है कि लापता लोग दरिया में बह गए या कहीं और चले गए। यह घटना रात के समय हुई थी और मृतक वाहन के नीचे पाए गए। बताया जा रहा है कि यह हादसा रात के समय हुआ, जब ठंड काफी ज्यादा थी। यदि समय रहते हादसे की जानकारी मिलती तो शायद कुछ लोग बच सकते थे, लेकिन अंधेरे और ठंड के कारण राहत कार्य में देरी हुई। हालांकि, अब तक यह पता नहीं चल सका है कि वाहन का चालक कौन था। वाहन चालक की पहचान की जांच जारी है, स्थानीय प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है और लापता व्यक्तियों की तलाश जारी है।

मृतकों की पहचान इस प्रकार की गई है- मुकेश कुमार, पुत्र मान सिंह, आयु 20 वर्ष, राज कुमार, पुत्र पना लाल, आयु 22 वर्ष, हकीकत सिंह, पुत्र सेवा राम, आयु 28 वर्ष, सतिश कुमार, पुत्र नाथ राम, आयु 26 वर्ष शामिल है।

## मोदी ने 13 किमी. लंबे नमो भारत ट्रेन के साहिबाबाद-न्यू अशोक नगर सेक्शन का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली, 5 जनवरी (न्यूज चैनल)।**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यू अशोक नगर में 13 किमी. लंबे नमो भारत ट्रेन के साहिबाबाद-न्यू अशोक नगर सेक्शन का उद्घाटन किया। उन्होंने साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा भी की। इसके बाद पीएम ने दिल्ली के जापानी पार्क में रैली को संबोधित किया। पीएम ने परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली पर आप-दा लाने वाले ये झूठा आरोप लगाते हैं कि केंद्र सरकार उन्हें काम नहीं करने देती। केंद्र सरकार उन्हें पैसे नहीं देती। ये कितने बड़े झूठे हैं। इसका उदाहरण इनका शीशमहल है। आज ही एक बड़े अखबार ने कैग रिपोर्ट के आधार पर शीश महल पर हुए खर्च का खुलासा किया है। ये सिर्फ झूठ बोलते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जिस आप-दा सरकार के पास दिल्ली के लिए कोई विजन न हो, जिसे दिल्ली की परवाह न हो, वह दिल्ली का विकास नहीं कर सकती है। दिल्ली को आधुनिक बनाने के लिए जितने भी काम हैं वो केंद्र की भाजपा सरकार ही कर रही है। आप-दा वालों ने दिल्ली के 10 साल बर्बाद कर दिए। आप-दा वालों को कोई भी दायित्व मिलने का मतलब है... दिल्ली के लोगों को दंड मिलना। पीएम मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि दिल्ली विधानसभा में भी कमल खिलने वाला है। मैं दिल्ली भाजपा के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं से कहूंगा कि पूरी निष्ठा के साथ दिल्ली के हर कार्यकर्ता से मिलिए, उन्हें आने वर्षों के लिए भाजपा के संकल्प से परिचित कराइए। ये भाजपा ही है, जो दिल्ली को, दुनिया की बेहतरीन राजधानी का गौरव दिला सकती है। हम दिल्ली को दुनिया की ऐसी राजधानी बनाना चाहते हैं जिसमें भारत की विरासत का विराट स्वरूप दिखे।




आप-दा नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे, दिल्ली में परिवर्तन रैली में आप पर बरसे पीएम मोदी

## मोदी ने भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी एवं ममता बनर्जी को जन्मदिन की बधाई दी

**नई दिल्ली, 5 जनवरी (न्यूज चैनल)।**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी को उनके 90वें जन्मदिन पर रविवार को बधाई दी और उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।





मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भाजपा के यशस्वी नेता आदरणीय डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी को उनके जन्मदिन पर बहुत-बहुत बधाई। वे पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, उनकी विद्वता, दीर्घकालिक अनुभव एवं राष्ट्रवादी विचार देश के लिए बेहद मूल्यवान हैं। मैं उनके स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं। जोशी भाजपा के पूर्व अध्यक्ष हैं और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री भी रहे चुके हैं। वर्तमान में वह भाजपा के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य हैं।

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनके जन्मदिन पर रविवार को बधाई दी और उनके लंबे व स्वस्थ जीवन की कामना की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी को जन्मदिन की बधाई। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।'' बनर्जी साल 2011 से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री हैं, उनकी गिनती देश में विपक्ष के प्रमुख नेताओं में होती है।

## गोरखपुर में फेरे लेने से पहले ही दुल्हन नकदी और जेवर लेकर फरार

**नई दिल्ली, 5 जनवरी (न्यूज चैनल)।**गोरखपुर जिले के खजनी थानाक्षेत्र में एक दुल्हन शादी समारोह के बीच फेरे लेने से पहले ही नकदी, कपड़े और जेवर लेकर फरार हो गयी। शनिवार को पीड़ित पक्ष ने यह जानकारी दी। यह घटना खजनी थाना क्षेत्र के भरोहिया के शिव मंदिर में शादी की रस्मों के दौरान हुई।



सूत्रों के अनुसार, सीतापुर जिले के गोविंदपुर गांव के किसान कमलेश कुमार (40) अपनी पहली पत्नी के निधन के बाद दूसरी शादी करना चाह रहे थे। एक मध्यस्थ पर भरोसा करके उन्होंने शादी की व्यवस्था करने के लिए 30,000 रुपये पेशगी के तौर पर दिए। कमलेश तीन जनवरी को होने वाले अपने विवाह समारोह के लिए परिजनों के साथ गोरखपुर पहुंचे। दुल्हन अपनी मां के साथ समारोह स्थल पर पहुंची। कमलेश ने उन्हें शादी के खर्च के अलावा साड़ियां, सौंदर्य उत्पाद और गहने उपहार में दिए। हालांकि, जैसे ही रस्में शुरू हुईं, दुल्हन ने बाथरूम जाने का बहाना बनाया और फिर कभी वापस नहीं लौटी। कमलेश ने संवाददाताओं को बताया कि दुल्हन के साथ ही उसकी मां भी गायब हो गई, जिससे वह स्तब्ध रह गया और उसका कीमती सामान गायब हो गया। उन्होंने दुख जताते हुए कहा, मैं बस अपना परिवार फिर से बनाना चाहता था, लेकिन आखिरकार सब कुछ खो दिया। इस घटना के बावजूद अभी तक कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) जितेंद्र कुमार नेकहा कि खजनी थाने को घटना की कोई तहरीर नहीं मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर कोई शिकायत दर्ज कराई जाती है तो अधिकारी जांच कर उचित कार्रवाई करेंगे।

## देश को अपने लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी देनी चाहिए : राहुल गांधी

**नई दिल्ली, 5 जनवरी (न्यूज चैनल)।**कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के छात्रों के एक समूह के साथ बातचीत की। उन्होंने बातचीत के इस वीडियो को विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर साझा किया है। आईआईटी मद्रास के छात्रों से बात करते हुए राहुल ने बताया कि कांग्रेस और भाजपा में क्या अंतर है। उन्होंने छात्रों से कहा कि उनकी पार्टी का मानना है कि संसाधनों का वितरण अधिक निष्पक्ष होना चाहिए और विकास व्यापक और समावेशी होना चाहिए। जबकि भाजपा ट्रिपल-डाउन विकास पर अधिक आक्रामक है।

राहुल ने कहा, वे (भाजपा) आर्थिक दृष्टि से ट्रिपल-डाउन में विश्वास करते हैं। सामाजिक मोर्चे पर, हमें लगता है कि समाज जितना अधिक सामंजस्यपूर्ण होगा, लोग जितने कम लड़ेंगे, देश के लिए उतना ही बेहतर होगा। यह पूछे जाने पर कि उच्च शिक्षा को कैसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए, राहुल गांधी ने कहा कि एक देश को अपने लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी देनी चाहिए। उन्होंने छात्रों से कहा, मुझे नहीं लगता कि हमारे लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी देने का सबसे अच्छा तरीका सब कुछ निजीकृत करना है। सच कहूं तो, जब आप किसी तरह का वित्तीय प्रोत्साहन लाते हैं, तो आप वास्तव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं देते हैं। मैंने कई बार कहा है कि हमारे देश में सबसे अच्छे संस्थान सरकारी संस्थान हैं, आपका संस्थान भी उनमें से एक है। मैं सरकारों द्वारा शिक्षा पर बहुत अधिक धन खर्च करने के पक्ष में हूं। राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें देश की शिक्षा प्रणाली के साथ गंभीर समस्याएं हैं। उन्होंने कहा, आप शायद मुझसे सहमत न हों। मुझे लगता है कि यह बहुत प्रतिबंधात्मक और ऊपर से नीचे की प्रणाली है। यह बहुत संकीर्ण है। मुझे नहीं लगता कि हमारी शिक्षा प्रणाली हमारे बच्चों की कल्पना को पनपने देती है। कांग्रेस सांसद ने कहा, मैं जिस चीज को आगे बढ़ाना चाहता हूं, वह है भौतिक उत्पादन के क्षेत्र में आगे बढ़ना। मेरे लिए, वास्तविक नवाचार उसी क्षेत्र से आता है। अनुसंधान और विकास में आप जितना पैसा लगाना चाहते हैं, लगाएं, अगर आप वास्तव में उस चीज का उत्पादन नहीं कर रहे हैं, तो यह सिर्फ एक बजट होगा।



आईआईटी मद्रास के छात्रों के साथ बातचीत की

CMYK